दिनांक 04 जनवरी 2021

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

बुजुर्गों की सुविधा के लिये राधिका नगर क्षेत्र में बनेगा सियान सदन

भिलाईनगर। बुजुर्गों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से उनको एक स्थल देने के लिये राधिका नगर क्षेत्र में सियान सदन का निर्माण किया जायेगा। वृद्धों से मिलने आज तुलसी साहू , अरूण सिसोदिया, इरफान खान, एल्डरमेन शमशेर बहादूर एवं मो. शादाब सहित अन्य पहुंचे और सियान सदन बनने वाले स्थल का अवलोकन किया। इस दौरान जोन 01 आयुक्त सुनील अग्रहरि एवं सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे उपस्थित रहे। 5 लाख की लागत से वार्ड 04 राधिका नगर में सियान सदन बनाया जायेगा। वृद्धों को यहां पर एक अच्छा स्थल मिल जाएगा। सियान सदन निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने के बाद इस स्थल को कई कब्जों से मुक्त कराकर स्थल को तैयार किया गया। कृछ लोग निर्माण कार्य में गतिरोध उत्पन्न कर रहे थे। आज जोन 01 की टीम पुलिस प्रशासन के साथ पहुंची और सियान सदन का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया। जेसीबी की मदद से स्थल को तैयार करने का कार्य किया गया! सियान सदन का निर्माण कार्य उप अभियंता आलोक पसीने देख रहे है। सियान सदन के निर्माण की मांग राजेश श्रीवास्तव व राधिका नगर के वरिष्ठजनों ने की थी। जिस पर स्वीकृति उपरांत निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है।

जनसम्पर्क अधिकारी